भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1022

09 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

डीडीए कार्य का कार्यान्वयन

1022 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की वर्तमान वित्तीय देनदारियों और उनकी प्रकृति का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कुप्रबंधन या प्रशासनिक अक्षमता डीडीए की वर्तमान देनदारियों के लिए उत्तरदायी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्माणाधीन, पूर्ण, बिके और न बिके फ्लैटों सहित डीडीए फ्लैटों की श्रेणी-वार (एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी, ईडब्ल्यूएस) और वर्ष-वार सूची क्या है;

(घ) निर्माण शुरू होने के वर्ष, पूर्ण होने के वर्ष और आवंटियों को कब्जा सौंपने के वर्ष का श्रेणी-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पिछले पांच वर्षों के दौरान डीडीए परिसरों में ऐसे कार्यों की स्थिति, अनुमानित और वास्तविक लागत और कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा सहित किए गए या प्रस्तावित रखरखाव और मरम्मत कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): डीडीए द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की मौजूदा वित्तीय देनदारियों के साथ-साथ उनकी प्रकृति का ब्यौरा अनुलग्नक 'क' में दिया गया है। डीडीए ने बताया है कि डीडीए की

सभी देनदारियों का भुगतान समय पर किया जा रहा है और डीडीए में ठीक से प्रबन्धन न करने का या प्रशासनिक अकुशलता संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया है।

(ग) और (घ) डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्ण, निर्माणाधीन, प्रारंभ वर्ष और पूर्णता वर्ष को दर्शाने वाला डीडीए फ्लैट्स की इन्वेंट्री का स्थान-वार और श्रेणी-वार विवरण अनुलग्नक 'ख' में दिया गया है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2021-22 के बाद, वर्ष-वार, कुल 29178 फ्लैट्स बेचे गए, जो निम्नवत हैः

वित्तीय वर्ष	बेचे गए फ्लैटों की संख्या
2021-22	333
2022-23	2511
2023-24	7842
2024-25	8538
2025-26 (04.02.2026 तक)	9954
कुल	29178

डीडीए ने बताया है कि डीडीए की पुरानी और नई इन्वेंट्री का निस्तारण विभिन्न योजनाओं जैसे 'पहले आओ पहले पाओ' (एफसीएफएस) और ई-नीलामी के आधार पर किया जा रहा है। डीडीए की विभिन्न श्रेणी के फ्लैट्स के निस्तारण/आवंटन के लिए डीडीए द्वारा शुरू की गई मुख्य योजनाएं नीचे दी गई हैं:

- डीडीए ने 12072 फ्लैट्स के निस्तारण के लिए आवासीय योजना 2017 शुरू की।
- डीडीए ने विभिन्न श्रेणियों के 17922 फ्लैट्स अर्थात 7496 ईडब्ल्यूएस, 8383 एलआईजी, 1535 एमआईजी और 488 एचआईजी के आवंटन के लिए "डीडीए हाउसिंग स्कीम 2019" शुरू की, सिर्फ़ सब्सिडी का लाभों के लिए फ्लैट्स को पीएमएवाई (यू) स्कीम से भी जोड़ा गया।
- डीडीए ने 1354 फ्लैटों, विभिन्न श्रेणियों के 1191 फ्लैट (276 ईडब्ल्यूएस, 700 एमआईजी, 215 एचआईजी) और पुरानी इन्वेंटरी के 163 फ्लैट के आवंटन के लिए "डीडीए हाउसिंग योजना 2021" शुरू की।
- डीडीए ने दवारका, लोकनायकपुरम और नरेला में पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) और ई-नीलामी के आधार पर 30000 से अधिक नवनिर्मित फ्लैटों के आवंटन के लिए "दिवाली विशेष आवास योजना 2023" शुरू की।

(ङ) डीडीए द्वारा प्रस्तुत, 2021-22 से रखरखाव कार्यों/शुरू किए गए मरम्मत कार्यों/प्रस्तावित कार्यों और किए गए खर्च का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नलिखित है:

वित्तीय वर्ष	**मरम्मत कार्य / रखरखाव के कार्यों के लिए किया गया बजटीय प्रावधान (लाख में)**	**किया गया व्यय (लाख में)**
2021-22	रु. 254.80	रु. 210.00
2022-23	रु. 1240.18	रु. 789.85
2023-24	रु. 6202.51	रु. 3694.17
2024-25	रु. 8294.90	रु. 8158.41
2025-26 (आज तक)	रु. 4226.29	रु. 4688.53

*** * ***

अनुलग्नक 'क'

दिनांक 09.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1022 में उल्लिखित अनुलग्नक

<u>दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पिछले पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान मौजूदा वित्तीय देनदारियों और उनकी प्रकृति का ब्यौरा</u>

(करोड़ों में)

क्र.सं.	विवरण	प्रकृति	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक	31 मार्च, 2023 तक	31 मार्च, 2022 तक	31 मार्च, 2021 तक
1.	विविध लेनदार	दिन-प्रतिदिन का व्यय	976.35	1,815.55	80.50	235.35	613.88
2.	सेवानिवृत्ति ट्रस्ट में योगदान	कर्मचारी से संबंधित	3633.50	3,378.71	2,110.67	1,773.12	1,427.30
3.	सांविधिक देनदारियां	इनकम टैक्स/जीएसटी इत्यादि।	159.94	152.17	94.74	82.65	60.00
4.	नाज़ुल II को ऋण	सामान्य विकास खाता के तहत नकद घाटे को पूरा करने के लिए नाजुल खाता- II से उधार लेना। यह असल में इंट्रा अकाउंट उधारी को दर्शाता है।	10,723.33	10,106.19	9,623.64	8,914.56	7,308.29
5.	अन्य देनदारियां	विभिन्न हाउसिंग स्कीम के लिए ईएमडी/रजिस्ट्रेशन इत्यादि के रिफंड से संबंधित	1,494.86	2,849.92	869.24	1,124.81	1,236.33
	कुल		16,987.98	18,302.54	12,778.79	12,130.49	10,645.81

अनुलग्नक - ख

दिनांक 09.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1022 में उल्लिखित अनुलग्नक

आवास परियोजना के चल रहे \ पूर्ण कार्यों की स्थिति										
क्र.सं.	**क्षेत्र**	**स्थान**	**एसएफएस/ एचआईजी**	**एमआईजी**	**एलआई जी**	**ईडब्ल्यूए स/1- बीएचके/1 - आरके**	**कुल**	**कार्य शुरु करने का वर्ष**	**कार्य पूरा करने का वर्ष**	**टिप्पणी**
1	परियोजना पूर्ण	क) पॉकेट 1,3,4,5,6 सेक्टर जी-2, जी-6, नरेला पर	0	0	7913	1693	9606	2013	2017	
		ख) नरेला ग्रुप पर वैकल्पिक साइट I (पॉकेट 6 और 7) सेक्टर जी7 और जी -8	0	0	5256	1160	6416	2013	2020	
		ग) नरेला ग्रुप पर वैकल्पिक साइट II , पॉकेट 11 सेक्टर जी7- जी8	0	0	6511	1420	7931	2013	2020	
		घ) पॉकेट 4 और 5 सेक्टर जी-7 और जी8, नरेला,	0	0	0	860	860	2013	2017	
		ड.) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-7	192	328	0	200	720	2015	2023	
		च) क्षेत्र ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-3	368	648	0	384	1400	2015	2024	
		छ) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-6	225	420	0	250	895	2015	2024	
		ज) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-14	272	488	0	296	1056	2015	2024	
		झ) सेक्टर ए1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-4	352	512	0	320	1184	2015	2024	

		ञ) पॉकेट - ई लोक नायक पुरम	0	647	0	224	871	2016	2022	
		ट) सेक्टर -14 द्वारका चरण- II	0	316	316	1008	1640	2016	2024	
		ठ) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-13	352	776	0	424	1552	2015	2024	
		ड) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-9	272	576	0	320	1168	2015	2024	
		ढ) सेक्टर ए 1 से ए4 नरेला पर पॉकेट-11	900	1750	0	1016	3666	2015	2025	
		ण) सेक्टर -19बी द्वारका, चरण- II	1130	0	0	728	1858	2014	2025	
		कुल (क)	4063	6461	19996	10303	40823			
2	पूर्व	i) कड़कड़डूमा	0	1026	0	498	0	2021	2026(टीडीओसी)	एनबीसीसी को काम सौंपा गया है
		कुल (ख)	0	1026	0	498	1524			
		कुल योग (क+ख)	4063	7487	19996	10801	42347			

*बीएचके-बेडरूम-हॉल-किचन ** आरके-रूम-किचन